Coronavirus COVID-19

उन लोगों के लिए जो घर के इन्सुलेशन में हैं और जो परिवार उनकी मदद कर रहे हैं

सामाजिक व्यवहार

1

संदिग्ध या ज्ञात COVID -19 के शिकार को अन्य रिश्तेदारों से दूर रहना चाहिए, यदि संभव हो तो, उस कमरे में जहां से हवा आती है और दूसरों लोगों से नहीं मिलना चाहिए।

2

हाथों को अच्छी तरह से धोना चाहिए साबुन और पानी से या हाइड्रो अल्कोहलिक सलूशन से, रोगी के साथ या उसके आसपास के प्रत्येक संपर्क के बाद, भोजन से पहले और उस के बाद, बाथरूम का उपयोग करने के बाद और जब भी हाथ गंदे हों।

3

डिस्पोजेबल पेपर या तौलिये का उपयोग करके हाथों को सुखाना चाहिए। यदि यह संभव नहीं है, तो पर्सनल तौलिये का उपयोग करें और गीले होने पर उन्हें बदल दें।

4

अपने रूमाल को पानी और साबुन से धोएं या साधारण साबुन का उपयोग करें।

5

बलगम, मल और मूत्र को छूने से बचें और डिस्पोजेबल दस्ताने का उपयोग करें।

6

यदि घर का कोई सदस्य साँस लेने में दिकत के पहले लक्षण दिखाता है (बुखार, खांसी, गले में खराश और सांस लेने में तकलीफ), तो फॅमिली डॉक्टर, मेडिकल गार्ड या क्षेत्रीय नंबरों पर संपर्क करें।

Coronavirus
COVID-19

उन लोगों के लिए जो घर के इन्सुलेशन में हैं और जो परिवार उनकी मदद कर रहे हैं

सहायता

1

रोगी की देखभाल करने वाला अच्छे स्वास्थ्य में होना चाहिए और उसे ऐसा कोई रोग नहीं होना चाहिए जो उसे संक्रमित कर सकता है और खतरे में डाल सकता है।

2

घर के सदस्यों को दूसरे कमरों में रहना चाहिए या यदि संभव न हो तो बीमार से कम से कम 1 मीटर की दूरी रखें और एक अलग बिस्तर पर सोएं।

3

जो लोग रोगी की सहायता करते हैं, एक सर्जिकल मास्क चेहरे पर अच्छी तरह लगाएं, जब एक ही कमरे में हैं। यदि मास्क गीला या गंदा है, तो तुरंत बदलें और हटाने के बाद अपने हाथों को धोना आवश्यक है।

4

रोगी का देखभाल करने वाले को अपने मुंह और नाक को ढंकना चाहिए, खांसी या छींक आते समय, संभवतः डिस्पोजेबल रुमाल या कोहनी का उपयोग करना चाहिए, और उसके बाद उसे अपने हाथों को धोना चाहिए।

5

रोगी के साथ टूथब्रश, सिगरेट, रसोई के बर्तन, तौलिए, बिस्तर के चादर आदि बाँटने से बचें।

6

रोगी की चादर को बदलते समय मास्क का प्रयोग करें।

Coronavirus
COVID-19

उन लोगों के लिए जो घर के इन्सुलेशन में हैं और जो परिवार उनकी मदद कर रहे हैं

सफाई

1

रोगी के कमरे के अंदर, दस्ताने, रूमाल, मास्क फेंकने के लिए डबल-बैग वाला पेडल-ओपनिंग कंटेनर का उपयोग करें (एक बैग कंटेनर में रखें और दूसरे को फ़ेंक दें)।

2

घर के आइसोलेशन के मामले में, सभी घरेलू कचरे को एक स्थान पर संग्रहीत करें, खतरनाक सामानों के संग्रह से बचने के लिए।

3

गंदे कपड़े एक अलग बैग में रखें। गंदे कपड़े हिलाएं नहीं और बिना दस्ताने के इसे न छुएं।

4

रोगी के बेडरूम का फर्नीचर और शौचालय एक सामान्य डिसइंफेक्टेंट से धोएं, दस्ताने और सुरक्षात्मक कपड़े पहनकर, या 0.5 डिग्री (ब्लीच) या 70 डिग्री डिसइंफेक्टेंट alcool के साथ दैनिक साफ करें।

5

रोगी के कपड़े, चादरें, तौलिये इत्यादि को 60-90 डिग्री पर वाशिंग मशीन में किसी भी साबुन के साथ या हाथ से साबुन और पानी के साथ धोएं और अच्छी तरह से सुखाएं।

Regione Toscana
SST Servizio Sanitario della Toscana
GRC Centro Regionale Gestione Rischio Clinico e Sicurezza del Paziente
WHO Collaborating Centre in Human Factors and Communication for the Delivery of Safe and Quality care
ARS TOSCANA agenzia regionale di sanità